तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024



10 गुजराती समाज ने मनाई जलाराम की जयंती





11 समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षित होना जरूरी : शिवलाल






## खबर संक्षेप

### देवांगन समाज का दिवाली मिलन समारोह कल

**नवापारा-राजिम।** नवापारा राज देवांगन समाज का दीपावली मिलन समारोह कल रविवार 10 अक्टूबर को ग्राम मंदलोर के देवांगन भवन में मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी राजू देवांगन ने बताया कि सर्वप्रथम कुल देवी मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। समय सुबह 11 बजे से 2 बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष अर्जुन देवांगन, मोहन देवांगन सहित समाज के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में नवापारा राज देवांगन समाज के लोग मौजूद रहेंगे।

### जिला निषाद समाज की बैठक आज

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज के अन्तर्गत जिला गरियाबंद निषाद समाज की आवश्यक बैठक 9 नवंबर को मजरकटा में 12 बजे रखा गया है। गरियाबंद निषाद समाज उपाध्यक्ष मोती राम निषाद ग्राम बिजली ने कहा समाज का वार्षिक बैठक समस्त समाज की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। बैठक में मुख्य एजेंडा वार्षिक लेखा जोखा प्रतिवेदन की प्रस्तुति होगा। वहीं जिला महिला प्रकोष्ठ का पुनर्गठन का प्रस्ताव लाया जायेगा। और समाज जनगणना सुची का अवलोकन किया जायेगा। साथ समाजिक प्रकरणों का समाधान किया जाएगा। मोती राम निषाद ने समाज से अपित कि अधिक से अधिक संख्या में समाज की उपस्थिति दें।

### मुड़ागांव में जनसमस्या निवारण शिविर 11 को

**गरियाबंद।** जिले के छुरा विकासखण्ड के ग्राम मुड़ागांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार 11 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। शिविर में ग्राम मुड़ागांव सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर मुड़ागांव में आयोजित किया जायेगा।

### शिक्षक संघ का प्रांतीय चुनाव 10 नवंबर को

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्र ने बताया कि 10 नवंबर को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई का निर्वाचन महासमुंद जिले के घुचापाली स्थित मां चंडी मंदिर के प्रांगण में रखा गया है। बताया कि 9 नवंबर को शाम 6 बजे से प्रांतीय महासभा सदस्यों की बैठक आयोजित की गई है जिसमें प्रदेश संगठन के प्रांतीय महासभा के सदस्य शामिल होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी संगठन के पूर्व प्रांत अध्यक्ष सुधीर गौतम को बनाया गया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए ब्लॉक कांग्रेस के कमेटी उपाध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राकेश सोनकर



गुरूवार रात 10 बजे सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक वे बाइक से अपने ढाबा जा रहे थे। सड़क के बीचोबीच बैठे लावारिश मवेशी दिख नही पाया और वे जाकर टकरा गए। इस दुर्घटना में उन्हें चेहरे पे चोट आई है और बांया हाथ भी फेक्चर हुआ है। उन्हें एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## कार्रवाई : जिले में पुलिस को नशे के खिलाफ मिली बड़ी सफलता

# 33 किलो गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार







हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले में पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। देवभोग ओडिसा सीमावर्ती क्षेत्र के खुटगांव चेक पोस्ट पर पुलिस ने दो गांजा तस्कर को पकड़ा है गरियाबंद जिला क्षेत्र अंतर्गत अवैध गांजा, हीरा, वन प्राणी, शराब के तस्करी एवं बिक्री करने वालों के साथ-साथ समाजिक बुराई जुआ, सट्टा में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में असूचना संकलन एवं पेट्रोलियम के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों के ऊपर निगरानी रखी जा रही थी। इसी क्रम में आज थाना प्रभारी देवभोग निरीक्षक गौतमचंद गावडे को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति अपने कार में गांजा रख कर खुटगांव चेक पोस्ट की ओर निकले है। परिवहन एवं बिक्री के लिए ले जा रहे हैं कि सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते सूचना तस्दीक पर हमारा स्टाफ के साथ खुटगांव चेक पोस्ट में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग के वेगनआर कार क्रमांक युपी 32 यु एन 4110 ओडिसा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। उक्त वाहन को रुकवा कर वहां तलाशी के दौरान दो व्यक्ति कार में बैठे मिले नाम पाता पूछने पर 1 हरि ओम पाल एवं 2 शैलेंद्र कुमार निवासी उत्तर प्रदेश का बताया कार के पीछे डिक्की खोलवाकर से चेक करने पर दो सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। गांजा को समक्ष गवाहन के तौल करवाने पर 33 किलो 700 ग्राम कीमती 337,000 रूपए एवं चार पहिया वाहन कीमती 4 लाख का होना पाया। गांजा को विधिवत समक्ष गवाहन के कब्जा पुलिस लेकर आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस का पाए जाने से अपराधियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया गया। दोनों अंतर्राज्यी तस्कर को गांजा का तस्करी करते पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

**इनका रहा योगदान**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गौतमचंद गावड़े, उप निरीक्षक अजय सिंह, सहायक उप निरीक्षक खुमान महिलांग, प्रधान आरक्षक नेमीचंद पटेल, कपूरचंद नेताम, मुकेश टोप्पो, आरक्षक गोपाल साहू, जय कंसारी, केसरी प्रधान की विशेष भूमिका रही।




# जर्जर मकान से निकले जहरीले सर्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के मैनपुर क्षेत्र के जंगल में तरह- तरह के जहरिले सर्प बड़ी संख्या में पाए जाते हैं और खास कर बारिश के दिनों में इस क्षेत्र में सर्पदंश घटनाए बढ़ जाती है। कई लोग समय पर इलाज नहीं मिलने से काल के गाल में भी समा जाते है और समय पर अस्पताल पहुंच जाने या मरीज को उपचार मिलने पर जान भी बच जाती है। मैनपुर नगर के खड़हर हो चूके कई सरकारी आवासों में सर्पों का डेरा है। वहीं शुक्रवार को मैनपुर के शिक्षक कॉलोनी के जर्जर खंडहर भवन के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे कि अचानक बच्चों की नजर सर्प पर पड़ी काले रंग का सर्प दिखाई दिया। आसपास बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और जर्जर हो चूके इस खडहरनुमा गिर रहे दिवारों में एक नही दर्जनों सर्पो को देखा गया। भारी भीड़ लग गई फिर ग्रामीणों ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए पैरा को जलाकर मिट्टी तेल का छिड़काव किया तो बड़ी संख्या में काले जहरीले सर्प पोला दिवाल के भीतर से निकले और खेतों की तरफ चले गए।

### देवरी वाले बाबा का उर्स पाक कल



**गरियाबंद।** हजरत सूफी शहीद इस्लाम शाह (देवरी वाले बाबा) का उर्स पाक समारोह 9 नवंबर को मनाया जाएगा। उर्स की शुरुआत सुबह 7 बजे परचम कुसाई से होगी। बाबा की मजार बोरसी से कौनकेरा मार्ग मे देवरी गांव में है। इसमें शामिल होने के लिए रायपुर,महासमुंद, राजिम गरियाबंद समेत आसपास के कई शहरों से लोग बड़ी संख्या में देवरी पहुंचते हैं। परचम कुसाई के बाद सुबह 11 बजे दरुद, ख्वानी और दोपहर 3 बजे से आम लंगर होगा। दरगाह परिसर से दोपहर बाद शाही संदल शरीफ निकाली जाएगी जो गांव का भ्रमण कर वापस दरगाह आएगी। उर्स पाक में शामिल होने के लिए जामा मस्जिद महासमुंद के पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद आफताब आलम रहमती साहब देवरी पहुंचेंगे। दरगाह के खादिम सूफी मोहम्मद वकील अहमद साहब ने बताया यह 21वां सालाना उर्स होगा। 10 नवंबर को सुबह 7 बजे कुल शरीफ का फातिहा होगी। जिसमें आप सभी को शामिल होने के लिए दावत दी जाती है।

# गोपाष्टमी पर्व व कृषक सम्मेलन में शामिल होंगे विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम







गरियाबंद मार्ग पर स्थित गौशाला में गोपाष्टमी पर्व एवं कृषक सम्मेलन का आयोजन विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में गौशाला परिसर में किया गया है। यह जानकारी देते हुए समिति के सदस्य लखन लाल सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू मौजूद रहेंगे। श्री सिन्हा ने बताया कि सुबह 9 बजे कामधेनु यज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 11 बजे गौमाता की पूजन और मंचीय कार्यक्रम होगा। इस गरिमामय कार्यक्रम में गौसेवा समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता घनाराम साहू,सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी मनीराम साहू, सुनील श्रीवास्तव, मनोज सचदेव, संतोष साहू, पवन गुप्ता, लालचंद मेघवानी, प्रदीप जैन, चोवाराम साहू, संजीव चंद्राकर, सेवानिवृत्त रेंजर लखन लाल सिन्हा, पशु चिकित्सक डॉ. केके पटेल, व्यवस्थापक वासुदेव गंधर्व सहित यादव बंधु तथा किसान शामिल होंगे। श्री सिन्हा ने सभी गौ भक्तों और किसानो तथा गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आग्रह किया हैं।

# भगवान सहत्रबाहु हमारे कुल देवता : खोरबाहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर



प्रदेश कलार समाज सह कोष निरक्षक दुर्गा प्रसाद सिन्हा चरौदा ने समाज के जयंती के अवसर पर कहा कि सहस्त्रबाहु अर्जुन हिंदू पुराणों में हजार भुजाओं वाले राजा के रूप में लोकप्रिय थे। जिन्होंने रावण को हराया था। सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती कार्तिक माह में शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन चंद्रमा के बढ़ते चरण का सातवां दिन प्रतिवर्ष मनाया जाता है। वे श्री राम के समकालीन हैं। सहस्त्रबाहु भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्र का अवतार है।


कलार समाज के वरिष्ठ खोरबाहरा राम सिन्हा ने कहा भगवान सहत्राबाहू हमारे कुल देवता हैं। सहस्त्र हाथ वाले सहस्त्रबाहु महाप्रतापी व वीर योद्धा थे। हमारे समाज के लोगों को उनसे प्रेरणा लेकर अन्याय के खिलाफ लड़ने की आवश्यकता है। कलार समाज फिरंगेश्वर के अन्तर्गत ग्राम चरौदा में स्थानीय कलार समाज के तत्वावधान में समाज के इष्ट अराध्य भगवान राज राजेश्वर श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती 8 नवम्बर को धूमधाम से मनाई गई। छोटे -छोटे बालिका सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जो ग्राम के विभिन्न चौंक होते मुख्य कार्यक्रम स्थल मौली चौक पहुंची। इस दौरान खोरबाहरा सिन्हा, डंकु सिन्हा, चेतन सिन्हा, दुर्गाप्रसाद सिन्हा, युगल किशोर सिन्हा, डंकुराम सिन्हा, अभेराम सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, इतवारी सिन्हा, शंकर सिन्हा, नारद सिन्हा, कौशल सिन्हा,भागवत सिन्हा,चंदू ,उत्तम, छबेराम ,चंद्रशेखर, मानिक लाल ,अनिल सिन्हा ,संजय सिन्हा, चित्र सेन, संजू, हरीश , रामचरण, प्रमेन्द्र, खोरबाहरा, मदन, शंकर, ललित सिन्हा, सुमित, सुनील, यादराम, रुस्तम, शुभम , छत्रपाल, टीकाराम, शौर्य वंशराज, वेद बाई, कुमारी, संध्या, गीतेश्वरी, पार्वती, धनेश्वरी, इंदु, बसंती, हितेश्वरी, भावना, किरण, गोदावरी, रामहिन, उमेश्वरी, मंगली बाई, सावित्री बाई, श्रेया, श्रीजल, भागीरथी सिन्हा समाज चरौदा उपस्थित थे।

# गोपाल गौशाला में आज मनाएंगे गोपाष्टमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नवापारा के श्री गोपाल गौशाला में आज शनिवार को गोपाष्टमी पर्व काफी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि समिति के पदाधिकारियो,सदस्यों,किसानो एवं यादव समाज की मौजूदगी में सुबह 8 बजे भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा-अर्चना और कथा के साथ प्रारंभ होगा। 9 बजे समस्त देवी-देवताओं की पूजा होगी। 10 बजे गायो को सोहाई बांधा जाएगा और दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भोजन एवं प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। बता दें कि यह गौशाला 100 वर्ष पुराना गौशाला है। गौशाला में श्री हनुमान जी महाराज का मंदिर है। यहां शासन एवं नगरवासियों के सहयोग से गौशाला का संचालन किया जाता है। अध्यक्ष श्री अग्रवाल, ने बताया कि श्री गोपाल गौशाला में टोटल 421 गौवंश है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपाष्टमी पर्व पर पूरे परिसर की गोबर से लिपाई, झालर लाइट से सजाया जा रहा है। साउंड सिस्टम से गौमाता का भजन चलेगा। सुबह सबसे पहले श्री हनुमान जी महाराज का सिंदूर से चोला, चढ़ाया जाएगा। झंडा पूजन होगा और इसी के साथ भगवान श्री सत्यनारायण की कथा होगी। कथा का पाठ पंडित संतोष शर्मा करेंगे। यजमान के रूप में भूपेंद्र, सुनीता साहू मौजूद रहेंगे। पश्चात सहाड़ा देव की पूजन के बाद यादव समाज, गायों की पूजन कर बाजे-गाजे के साथ सोहाई बांधेंगे। दोहा भी पारेंगे। गौ माता को खिचड़ी खिलाई जाएगी। मालूम हो कि पूजा में शामिल होने वाले श्रद्धालु रोटी, गुड़, भीगे चने, हरि सब्जी, केला लेकर पहुंचते है। आए हुए सभी गौ भक्तों को नाश्ता के रूप में पोहा, हलवा, चाय दी जाएगी। दोपहर को भोजन प्रसादी होगा। गौशाला को सुव्यवस्थित संचालन सुन्दर सिंग ठाकुर करते है।

# रामजानकी पारा में शिव महापुराण कथा जारी



**नवापारा-राजिम।** कार्तिक माह के पावन अवसर पर श्रीरामजानकी पारा दुर्गा मंच में 9 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन श्री कुलेश्वर रामायण मंडली नवापारा द्वारा किया जा रहा है। श्री शिव महापुराण कथा का वाचक आचार्य पंडित भूपेंद्रधर दीवान है। कथा 7 नवंबर गुरुवार से प्रारंभ हो गया है जो 15 नवंबर तक चलेगा। कथा का समय अपरान्ह 1 बजे से संध्या 5 बजे तक रखा गया है। गुरुवार 7 नवंबर को कलश यात्रा महात्म्य कथा से शुरू हुई। 8 नवंबर शुक्रवार को बिल्व पत्र, भस्म, रूद्राक्ष महिमा, शनिवार 9 नवंबर को सती चरित्र, 10 को शिव पार्वती विवाह, 11 को कार्तिकेय गणेश चरित्र,12 को बाणासुर चरित्र,13 को उमा संहिता,देवी महिमा,14 को द्वादश ज्योतिलिंर्ग महिमा एवं 15 नवंबर शुक्रवार को कथासार पूर्णाहुति प्रसाद वितरण के साथ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अन्नपूर्णा देवांगन, राजबाई साहू, शांताबाई तारक, अन्नपूर्णा कंसारी, सरोजनी सोनी, संतोषी देवांगन,मीना देवांगन सहित दुर्गा उत्सव समिति एवं गणेश उत्सव समिति के सदस्य लगे हुए हैं।

## स्वादिष्ट होने के कारण मुंह मांगे दाम में बिकता है झुरगा

# प्रदेश में कुल्हाडीघाट क्षेत्र के झुरगा की सबसे ज्यादा मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

**पथरीली जमीन में होती है झुरगा की जबरदस्त पैदावार**





जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाडीघाट के पहाड़ी ग्रामों में पैदावार होने वाले झुरगा फसल की मांग प्रदेश में सबसे ज्यादा रहती है और इसका मुख्य कारण यहा पैदावार होने वाले झुरगा दाना में बडा और खाने में काफी स्वादिष्ट होने के कारण बड़े शहरों में इसकी सबसे ज्यादा डिमांड है और तो और व्यापारी कुल्हाडीघाट पहुचकर हाथों हाथ झुरगा खरीद लेते है, सामान्य झुरगा की कीमत बाजार में 100 रूपये किलो तक होती है लेकिन कुल्हाडीघाट क्षेत्र में पैदावार होने वाले झुरगा 130 रूपये से 150 रूपये किलो में बिक रहा है, यहा कमार जनजाति व अन्य किसान पिछले कई वर्षो से पारम्परिक रूप से अपने खेतो व बाडियो में झुरगा की खेती करते आ रहे है कुल्हाडीघाट क्षेत्र की जमीन पत्थरीली होने के कारण यहा पानी नही ठहरता जिसके चलते अन्य फसल धान मक्का की खेती यहां सफल नही है, लेकिन यहा के किसान झुरगा, रांगी दलहन, तिलहन की फसल की अच्छी पैदावार करते है।

**व्यापारी इसे पेकिंग व स्ट्रीकर लगाकर ऊंचे दामों पर बेचते हैं-** कुल्हाडीघाट के सरपंच धनमोतिन सोरी एंव पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी, दामोदर नेताम, सुखराम नागेश,जलसाय ने बताया कि कुल्हाडीघाट क्षेत्र के कठवा, गवरमुंड, बेसराझर, कुर्वापानी, ताराझर, भालूडिग्गी व अनेक ग्रामो में किसान पारम्परिक रूप से झुरगा की खेती करते है और इसमें दवा नाम मात्र भी नहीं डाला जाता पूरी तरह से गोबर खाद का उपयोग किया जाता है, यहां उत्पादन किये जाने वाले झुरगा अन्य क्षेत्रों की झुरगा की अपेक्षा बड़ा और मोटा दाना होता है, साथ ही काफी लाल और साफ नजर आता है, व्यापारी बड़े शहरों से सीधे कार के माध्यम से कुल्हाडीघाट के ग्रामों के पहुंचकर क्विंटल, क्विंटल झुरगा खरीदकर ले जाते है, वैसे तो कुल्हाडीघाट में किसान इस झुरगा की फसल को 120 रुपए किलो के ▶▶शेष पेज 10 पर

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

**रसेला।** अंचल में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय करने हेतु आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऐसे विद्यार्थी जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कर पात्रता रखते है, उनके लिए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन माध्यम से किया जा रहा है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 15 जनवरी 2025 और सैक्शन आर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक निर्धारित की गई है।



**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### गायब होता जा रहा है औषधीय पौधा सिंदूरी



**मैनपुर।** क्षेत्र के पैरी नदी के तट से लेकर जंगल में पाए जाने वाले औषधीय पौधा सिंदूरी अब बहुत कम नजर आने लगा है। वर्तमान में कुछ किसानों के बाडियों में ही पौधे नजर आते हैं। उल्लेखनीय है कि सिंदूरी के फल से बीज निकालकर बाजार में विक्रय करते थे पर बीज की खरीदी बंद होने के बाद से सिंदूरी के पौधे को काटकर जलाऊ के रूप में ग्रामीण उपयोग करने लगे। इसके बाद से ही तेजी से सिंदूरी के पौधे खत्म होने लगे। ज्ञात हो कि कृषि विज्ञान केन्द्र में सिंदूरी से सिंदूर बनाने महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया था, लेकिन बाद में योजना ठप हो गयी। वही वन विभाग द्वारा भी पूर्व में सिंदूरी से जलेबी कलर बनाने योजना बनाई थी। क्षेत्र में पाए जाने वाले औषधीय गुणों से भरपुर सिंदूरी के पौधे के छाल व पत्ते को ग्रामीण पूर्व में बुखार उतारने के लिए उपयोग करते थे और ग्रामीण इसे राम बांण मानते थे। अब चूंकि जड़ी–बूटी का चलन गांवों में भी कम हो गया, इसलिए ग्रामीण अब बुखार आने पर जड़ी-बूटी का उपयोग कम करने लगे हैं। पूर्व में ग्रामीण अपने बाड़ियों में भी सिंदूरी के पौधे रोपण करते थे।

### छुरा के सेंट जॉन्स स्कूल में कैंसर जागरुकता दिवस मनाया गया



**छुरा।** नगर में स्थित सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 7 नवम्बर को मनाया गया। संस्था में कार्यरत शिक्षक मोहित कुमार ग्रीतलहरे ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि आज देशभर में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल 7 नवंबर को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इसके शुरुआती लक्षणों की पहचान को समझाना और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को रेखांकित करना है।
इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख जॉर्ज जैकब, प्राचार्य बिंदु जेकब, अकादमिक निर्देशक सुमंत आचार्य, उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर एवं संस्था शिक्षक शिक्षिकाओं उपस्थित रहे।


### पेज 9 का शेष...


### प्रदेश में कुल्हाडीघाट...

दर से बेचते हैं लेकिन व्यापारी इसे बड़े शहरों में ले जाकर कुल्हाडीघाट का पेकिंग और कंवर, स्ट्रीकर लगाकर उंचे दामों पर बेचते है रायपुर में भी आसानी से कुल्हाडीघाट के नाम से झुरगा उंचे दामों पर आसानी से उपलब्ध हो जाती है। इन दिनो झुरगा की फसल पूरी तरह तैयार हो चूका है और इसकी कटाई और मिंजाई चल रहा है। झुरगा की खेती को पहाड़ी चट्टान इलाके में किया जाता है। किसान ग्रामीण अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ झुरगा की तोड़ाई में लगे हुए हैं। जहां उन्हे रात रूकना पड़ता है जिसके कारण स्कूलों में दर्ज संख्या बेहद कम हो गई है।
**बड़े पैमाने पर करते हैं खेती-** कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भावेश शांडिल्य ने बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में किसान बड़ी तादात में झुरगा की खेती करते है, लेकिन इसमें सबसे अच्छा क्वालिटी का झुरगा कुल्हाडीघाट क्षेत्र में मिलता है, उन्होने बताया किसानों को इसे व्यापक स्तर पर फसल लेने के लिए समय- समय पर विभाग द्वारा जानकारी दिया जाता है।

---

**कार्यक्रम : भारत स्काउट गाइड की 75वीं वर्षगांठ मनाई गई**

# असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी सकारात्मक सोच से करें कार्य : गोवर्धन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

स्काउटस एवं गाइडस के 75वां वर्षगांठ के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा कार्यक्रम का आयोजन बाबा कुटी फिंगेश्वर में संत गोवर्धन शरण व्यास संचालक सिरकट्टी आश्रम कुटेना में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मंदिरों में देवपूजन व दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोवर्धन शरण व्यास ने कहा कि असफलता सफलता प्रथम सीढ़ी है। मनुष्य को सकारात्मक सोच रखते हुए कार्य करना चाहिए जिससे निश्चित सफलता मिलती है। उन्होंने सफलता के चार सिद्धांत संयम, सदाचरण, स्वाध्याय एवं सेवा को आत्मसात करने की बात कही। जिला अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने कहा कि स्काउट गाइड शिक्षा, संस्कार एवं संस्कृति को चरितार्थ करती है। आप सभी स्काउटिंग गाइडिंग की गतिविधियों में बढ़ -चढ़कर भाग लेकर शाला एवं जिला का नाम रोशन करें। पुष्पा साहू ने कहा कि सेवा भावना स्काउट गाइड का मुख्य कार्य है। आप सभी त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ भावना के साथ कार्य करते हुए अनुशासित होकर मानवता का परिचय जरूर देवें। वहीं संजीव चंद्राकर, बोधन साहू, नूतन साहू, डाली साहू एवं विश्राम साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में ध्वज शिष्टाचार कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्लाक सचिव एस एस कंवर, प्रेमलाल साहू, टेक्निकल प्रभारी चौतन्य यदु, जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू, गिरवर यादव, सुनील देशलहरा, दुष्यंत वर्मा, नकुल राम साहू, छन्नू लाल पटेल, दीप साहू, गीतांजलि सिन्हा, उत्तरा साहू, ईश्वर मालाकार, नकेश्वरी साहू, हरिश्चन्द्र साहू, संतोष धुरव, उग्रसेन यादव, परमानन्द यादव, हीरा राम हिरवानी, ओंकार साहू एवं जिले के लगभग दो सौ स्काउट गाइड, रोवर रेंजर एवं स्काउटर गाइडर उपस्थित थे।

#### अनुशासन ही देश को महान बनाता है

डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है, क्यूकि अनुशासन ही देश को महान बनाता है। हमें अनुशासित होकर कार्य करना चाहिए जिससे सफलता प्राप्त हो सके। बैसाखूराम साहू ने कहा कि जीवन में समय एवं अनुशासन दोनों का बहुत महत्व है। स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों में सभी विद्यालय के बच्चे बढ़- चढ़कर जरूर भाग लेवें। मधुबाला रात्रे ने कहा कि स्काउट विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। चंद्रशेखर साहू ने कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति है। ऐसे मौके पर एकजुटता बहुत जरूरी है क्योंकि सफलता के लिए कठिन परिश्रमों की जरूरत होती है। रामू साहू ने कहा कि आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है। हमें प्रत्येक कार्य धैर्य,लगन और ईमानदारी के साथ करना चाहिए।

---



# विश्राम गृह खण्डहर में हो रहा है तब्दील, मरम्मत की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 23 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग के उपर ग्राम बिन्द्रानवागढ स्थित एक मात्र वन विभाग का विश्राम गृह दिनो दिन देखरेख के अभाव में खण्डहर में तब्दील होता जा रहा है, जबकि यह विश्राम गृह को मरम्मत की जरूरत है लेकिन इस ओर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है, ज्ञात हो कि ग्राम बिन्द्रानवागढ में लगभग 25 वर्ष पहले लाखों रूपये की लागत से वन विभाग द्वारा आलीसान विश्राम गृह का निर्माण किया गया था यह विश्राम गृह इस क्षेत्र में आने जाने वाले जनप्रतिनिधियों व अफसरों सहित लोगो के लिए काफी महत्वपूर्ण है और तो और ग्राम बिन्द्रानवागढ धार्मिक पर्यटन स्थल है। यहां आए दिनों बडी संख्या में दूर- दूर से पर्यटक व श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन उनके रूकने के लिए या कुछ समय ठहरने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इस लिहाज से भी विश्राम गृह काफी महत्वपूर्ण है, वन विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण धीरे - धीरे यह विश्राम गृह खण्डहर के रूप में तब्दील होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने वनमंत्री केदार कश्यप एवं गरियाबंद वन विभाग के डीएफओ से मांग किया है कि विश्रामगृह की मरम्मत करवाया जाए और यहां आने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सके।

---

# कुलेश्वर मंदिर मार्ग बनने से श्रद्धालुओं को होगी सहुलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम



तस्वीर में दिख रहा नदी के बीचो-बीच का यह रास्ता श्री राजीव लोचन मंदिर से सीधा श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर जाता है। बारिशकाल खत्म होने के बाद इस रास्ते का दुरूस्तीकरण बहुत जरूरी हो गया है। मेले के दौरान सीमेंट पाइप जो लगाया गया था वह ज्यों का त्यों नजर आ रहा है। अतएव बहुत कम खर्च में इसे ठीक किया जा सकता है। हालांकि मेले के दौरान विभाग द्वारा रोड बनाने व मरम्मत के लिए भारी भरकम राशि में कांट्रेक्ट दिया जाता है। इस बार इसमें बहुत कम राशि लगेगी। चूंकि बारिश कम होने की वजह से न के बराबर बाढ़ आया इससे रोड ज्यादा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु पहले श्री राजीव लोचन का दर्शन पूजा करते है और यहीं से वे श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर जाना चाहते है। परंतु यह मार्ग ठीक न होने से गाड़ी में बैठकर पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल पार कर नवापारा शहर होते हुए बेलाहीघाट पुल सोमवारी बाजार क्रास कर घूमते हुए पांच किमी की दूरी तय कर जाना पड़ता है। यदि इस मार्ग को जनवरी-फरवरी के पहले ही अभी नवंबर में दुरूस्त कर दिया जाए तो लोगो को पांच किमी घूमते हुए नहीं जाना पड़ेगा और बहुत आसानी के साथ इस मार्ग से भोलेनाथ का दर्शन करने लोग जा सकेंगे। वैसे लक्ष्मण झूला से पैदल जाने और आने में लोगो का पसीना छुट जाता है। ये मार्ग बनने से गाड़ी पूरा मंदिर परिसर तक जाएगी। बता दें कि इस मार्ग को फरवरी में बनाया जाता है जो जून-जुलाई तक बारिशकाल में टूट जाता है। अभी यदि इस मार्ग का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा तो दोनों तरफ से श्रद्धालुओं को सहुलियत मिल जाएगा।

---

# गुजराती समाज ने मनाई जलाराम की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद



225वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ रविवार 08 नवंबर को मनाई गई। इस अवसर पर गुजराती समाज का उत्साह देखते ही बना।गांधी मैदान स्थित हरीश भाई ठक्कर के निज निवास पर जलाराम बापा के तैल चित्र में मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। गुजराती समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने पूजा की। वहीं अभिषेक, पूजन, दीप दान, महाभोग का अनुष्ठान किए गए। महाआरती के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन कर जलाराम बापा का गुणगान किया। जयंती पर पूजन के बाद लोगों के बीच प्रसाद बांटा गया, खिचड़ी, कढ़ी, नुक्ती और गठिया का प्रसाद वितरित किया गया।भजन और गरबा में समाज की महिलाओं और पुरुष बच्चों बुजुर्गों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।
**सेवा ही धर्म है : रोमा सरवैय्या-** रोमा सरवैय्या ने जलाराम बप्पा जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बतलाया जलाराम बापा ने अपने जीवनकाल में अन्नदान की परंपरा को अत्यधिक महत्व दिया। उन्होंने सदाव्रत नामक भोजनालय की स्थापना की। यहां जरूरतमंदों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जाता था। उन्होंने अपना पूरा जीवन अन्नदान और लोगों की सेवा में अर्पित कर दिया। महान संत जलाराम का जन्म संवत 1856 को कार्तिक शुक्ल सप्तमी को राजकोट के पास ग्राम वीरपुर में हुआ था। संत जलाराम ने अपने गुरु भोजलराम के आशीर्वाद से उन्होंने सदाव्रत नाम से भोजनशाला आरंभ की जिसमें साधु संतों व राहगीरों के लिए 24 घंटे निशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती हैं लोगों ने उनके धैर्य व प्रभु भक्ति की अनेक कठिन परिक्षाएं ली लेकिन जलाराम बापा सभी परिक्षाओं में खरे उतरे। इस अवसर पर समाज प्रमुख- घनश्याम भाई भारत भाई हरीश भाई संजय भाई नितिन भाई हसमुख भाई अरविंद भाई, भानुमति ठक्कर, भावना बेन ठक्कर, नैना बेन सरवैया, रेखा बेन वखारिया, रीता बेन वखरिया, कल्पना वखारिया, राजश्री ठक्कर, कोकिलाबेन, रीना वखारिया, अनिता मयानी, ममता मयानी, नूतन संघानी, हेमा बेन, रोमा सरवैया, माधवी सरवैया, अवनि सरवैया, जेसल ठक्कर, रुपाली ठक्कर, भक्ति ठक्कर, स्वाति वखारिया, पिंकी वखारिया, चेतना वखारिया, मानसी निकिता खिलोशिया, सपना संगानी, चंचल टांक,दीप्ति ज्योति मयानी मौजूद रहे।

---

# कलेक्टर ने जन्मदिन पर बच्चों के संग बांटी खुशियां, खिलाया पौष्टिक भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद




कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें पौष्टिक भोज परोसा। इस अवसर पर वे गरियाबंद के शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला डाकबंगला स्कूल पहुंचे, जहाँ बच्चों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और चॉकलेट बांटी। बच्चों ने गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद कलेक्टर ने बच्चों को पंगत में बिठाकर पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल और खीर परोसी। वे बच्चों की पसंद पूछते हुए व्यंजन परोसते रहे और उनके साथ पंगत में बैठकर भोजन का आनंद लिया। इस मौके पर कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद और व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर प्रेरणादायक बातें कीं। बच्चों ने भी इस अनुभव के लिए धन्यवाद कहकर खुशी जाहिर की।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पोषण शक्ति अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में न्यौता भोज पहल शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों के भोजन में पौष्टिकता बढ़ाना है। कलेक्टर ने अन्य अधिकारियों और नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने विशेष दिन बच्चों के साथ इस तरह खुशियाँ बांटें। सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों के खानपान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने के उद्देश्य से यह न्यौता भोज अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, डिप्टी कलेक्टर अंजली खलखो, डीएमसी के.एस. नायक, प्रभारी बीईओ अमजद जाफरी, शिक्षकगण और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

---

# रक्तदान सबसे बड़ा दान : रूप सिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा




कचना धुरवा महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने रक्त दान देकर न जाने कितनों को जीवन दान देने में सहायक बने। रक्त की आवश्यकता पड़ने पर गरियाबंद जिला के सामाजिक कार्यकर्ता रूप सिंग साहू द्वारा बीच-बीच मे शिविर लगाकर युवाओ को रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते हैं।इसी तारतम्य में छुरा स्थित निजी कचना ध्रुवा कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक छात्र-छात्राओं ने उक्त शिविर में रक्तदान करने पहुंचे। जहां दर्जनों स्वयं सेवकों ने रक्तदान किया। सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता रक्तदाता अपना रक्त देकर दूसरो की जान बचाता है। सामाजिक कार्यकर्ता साहू ने कचना ध्रुवा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर डीके साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रेखराम कुर्रे, महाविद्यालय प्रबंध समिति सदस्य तेजस्वी यदु सहित समस्त स्टॉप एवं छात्र-छात्राओं से कहा कि कचना ध्रुवा महाविद्यालय के परिवार रक्तदान जैसे पुण्य कार्यो के लिए सतत तैयार रहते है, साथ ही प्रतिवर्ष रक्तदान कर कितनो को नई जीवन देते उनके घर परिवार को खुशियो से भर देते है।

---

**अतरमरा संकुल में परख सर्वेक्षण के लिए हुई बैठक**

# परख से होगा विश्लेषणात्मक कौशल का आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद/पाण्डुका




विकासखंड छुरा के संकुल केन्द्र अतरमरा के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रधानपाठकों की आवश्यक बैठक लेकर अपार आईडी, यू डाइस एवं परख परीक्षा विषयों पर आवश्यक चर्चा किया गया। इस अवसर पर परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के बारे में जानकारी देते हुए संकुल प्राचार्य बी. देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने बताया कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आयोजित होने वाला एक मूल्यांकन है। इसका मकसद छात्रों के विषय वस्तु के ज्ञान के अलावा उनके आलोचनात्मक सोंच,समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक कौशल का आंकलन करना है। यह कौशल का विकास करने में मदद करता है। परख के जरिए मानदंड, मानक और दिशा निर्देश तय किए जाते हैं। यह परीक्षा तीसरी, छठवीं एवं नवमी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए होगा।सभी विद्यालय में विद्यार्थियों को इनकी नियमित रूप से तैयारी कराई जावे। वहीं अपार आईडी के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि अपार जिसका अर्थ स्वचालित स्थाई शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री है। यह एक विशेष पहचान प्रणाली है जो भारत के सभी छात्रों के लिए डिजाइन की गई है।यह पहल भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी कार्यक्रम का हिस्सा है जो 2020 की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अपार आईडी को अकादमी बैंक आफ क्रेडिटस् और डिजिटल लॉकर से जोड़ा गया है जो एक ऑनलाइन संग्रहण प्रणाली है। जहां छात्र सुरक्षित रूप से अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज परीक्षा परिणाम, और शैक्षिक प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

#### अपार आईडी के बारे में ली जानकारी

राजेश कश्यप एवं राजेश कंसारी व्याख्याता द्वारा बैठक में बताया कि अपार आईडी शाला में अध्ययनरत पहली से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों का बनाया जाना है। अपार आईडी बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को शाला की यू डाइस में दर्ज नाम के साथ आधार कार्ड में दिए गए नाम, पिता का नाम, जाति, जन्म तिथि एवं स्पेलिंग को सही-सही मिलान करने के पश्चात अपडेट करने के बाद ही अपार आई डी जनरेट होता है। साथ-साथ उन्होंने कहा कि कितने विद्यार्थियों की अपार आईडी बना है एवं कितने लोगों का नहीं बना है व अपार आईडी जनरेट करते समय आ रही कठिनाइयों के बारे में भी जानकारी ली। साथ-साथ शाला के दर्ज संख्या के अनुरूप बच्चों की संख्या यू डाइस पोर्टल में अपलोड करने के लिए निर्देशित किए। बैठक में संकुल प्राचार्य बी देवांगन, राजेश कंसारी, राजेश कश्यप, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, वरिष्ठ प्रधान पाठक गण खेमलाल यादव, आरसी ध्रुव, पीके वर्मा, रुपराम साहू, रेणुका देवांगन, धनेश्वरी मुरचुलिया, मीना ध्रुव, पवनू ध्रुव, प्रहलाद यादव, हेमंत विश्वकर्मा, केदार हिरवानी सहित सभी संस्था प्रमुख शिक्षण उपस्थित थे।

---

# छुईहा में कलार समाज ने सहस्त्रबाहू जयंती मनाई



**छुईहा बेलर।** कलार समाज छुईहा द्वारा ८ नवंबर को भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन जयंती महोत्सव धूमधाम से समाज भवन में मनाया गया। इस अवसर पर समाज के समस्त सदस्य उपस्थित थे। जिन्होंने भगवान सहत्राबाहू की तस्वीर पर श्रीफल चढ़ा कर धुप दीप जलाकर कर पुजा से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सेवानिवृत्त पंच हिम्मत सिन्हा थे। उनके संग समाज के सभी ने भगवान की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया गया। समाज द्वारा जय घोष किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि सेवानिवृत्त समाज पंच हिम्मत सिन्हा, समाज प्रमुख परदेशी राम सिन्हा, गजेन्द्र सिन्हा राजू सिन्हा, बृज सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, भुनेश्वर सिन्हा, किसुन, धनीराम, महेश, कृपाराम सिन्हा, टिकम, टिकेन्द्र सिन्हा, थनेश, जवाहर सिन्हा इत्यादि समाज के गणमान्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### तेल निकालने की मशीन कबाड़ में तब्दील

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र तौरेंगा ग्राम स्थित वन विभाग के नर्सरी में लगभग 15 वर्ष पहले जंगल के अनेक प्रकार के वनोपज से सुगंधित तेल निकालने के लिए एक अत्याधुनिक मशीन लगाया गया है लेकिन इसका उपयोग वर्षो से नहीं हो रहा है और यह मशीन धीरे -धीरे कबाड़ मे तब्दील होता जा रहा है। वन विभाग सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जंगल से मिलने वाले अनेक प्रकार के वनोपज से वन विभाग द्वारा सुगंधित तेल निकालने के लिए इस मशीन को लगाया गया था।

### जर्जर सड़क को लेकर करेंगे आंदोलन : ध्रुव

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग की हालत दिन ब दिन बेहद जर्जर होती जा रही है जिसके कारण पिछले एक वर्षो में दुर्घटना बड़ गई है। कई बार सड़क मरम्मत की मांग करते थक



चूके हैं लेकिन अब तक संबंधित विभाग के द्वारा कोई ध्यान नहीं देने के कारण पूरे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है। जर्जर सड़क मरम्मत की जल्द सुधार कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो कांग्रेस द्वारा आन्दोलन किया जायेगा। उक्त बाते ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कही है। श्री ध्रुव ने आगे बताया नेशनल हाईवे 130 सी अभनपुर से गरियाबंद मैनपुर देवभोग होते हुए ओड़िसा को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग में प्रतिदिन हजारो वाहनो का आवगमन होता है इस मुख्य सड़क में झरियाबाहरा से लेकर गोहरापदर तक सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। ध्रुव ने कहा जल्द ही सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता के साथ कांग्रेस द्वारा आन्दोलन किया जायेगा।

### राष्ट्रीय शिविर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी माधुरी ठाकुर

**मैनपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में नवीन शासकीय



महाविद्यालय मैंनपुर की छात्र का चयन छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है। प्रदेश एनएसएस अधिकारी डॉक्टर नीता बाजपेयी के निर्देशन व पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएस गजपाल के नेतृत्व में जिला संगठक डॉ. समीक्षा चन्द्राकर द्वारा नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर की बीएससी द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र कु. माधुरी ठाकुर का चयन किया गया है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सनबरसन साहू ने बताया कि 08 से 14 नवंबर तक गुजरात राज्य के हेमचन्द्राचार्य नार्थ गुजरात विश्वविद्यालय पाटन में आयोजित होने वाली 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ के नेतृत्व हेतु गठित टीम में छात्र माधुरी ठाकुर को शामिल किया गया है।

**आयोजन : क्षेत्र में सहस्त्रबाहु अर्जुन की धूमधाम से मनाई गई जयंती**


# समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षित होना जरूरी : शिवलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रक्सी सहित क्षेत्र में सिन्हा समाज के कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती अंचल में धूमधाम से मनाई गई। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। पुरानी परंपरा के तहत इस वर्ष भी कुलदेवता की जयंती के अवसर पर सिन्हा समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए इस कार्यक्रम में सहभागिता की। ग्राम रक्सी में सिन्हा समाज के महिला और पुरुष हनुमान मंदिर के पास एक जगह सभी एकत्रित होकर अपने कुलदेवता सहस्त्रबाहु अर्जुन की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। साथ ही साथ प्रसाद वितरण किया गया। समाज के मंडलेश्वर शिवलाल सिन्हा ने बताया कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन महेश्वर के ऐसे प्रतापी राजा थे, जिन्होंने सर्वप्रथम रावण को हराकर 6 माह अपनी कैद में रखा। सहस्त्रबाहु अर्जुन प्रतापी एवं पराक्रमी राजा थे। महेश्वर में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का मंदिर है, जो आस्था का केंद्र है। सहस्त्रबाहु जयंती कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। सहस्त्रबाहु अर्जुन की कथाएं महाभारत एवं वेदों के साथ सभी पुराणों में प्रायः पाई जाती है। सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का जन्म कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को श्रवण नक्षत्र में प्रातः काल के मुहूर्त में हुआ था। वह भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के द्वारा जन्म कथा का वर्णन भागवत पुराण में लिखा है। उपस्थित समाज को संबोधित करते हुए शिवलाल सिन्हा ने कहा कि अपने समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमारा शिक्षित होना जरूरी है। बिना शिक्षा के किसी समाज विकास नहीं कर सकता। वहीं अपने समाज के सम्मान को लेकर कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रेरित भी किया और कहा कि संगठन के सदस्य सभी को एक सूत्र में बांधकर ले चले जिससे हमारी समाज मजबूत हो सके। इस मौके पर भागवत सिन्हा, गोविंद , परस राम, दुर्गेश, शिवकुमार, नारायण सिंह, करण, मोहन, गंगा बाई, सावेत्री, लक्ष्मी, विमला, जया, अनिता सिन्हा सहित समाज के सभी लोगों उपस्थित थे।



### सुदर्शन चक्रावतार थे सहस्त्रबाहु अर्जुन



**छुरा।** शुक्रवार को राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु देव अर्जुन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेवानिवृत्ति व्याख्याता एवं लोक कथाकार केआर सिन्हा ने सपरिवार अपने इष्टदेव की पूजा की। सिन्हा ने कहा कि कार्तिक मास शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को महिष्मती साम्राज्य के अधिपति सहस्त्रबाहु देव अर्जुन का अवतरण हुआ। श्रीमद् भागवत कथा पुराण एवं वाल्मीकि रामायण के अनुसार वे श्रीहरि विष्णु के 24 वे अवतार थे। हैहयवंश के दसवीं पीढ़ी में महाराज हैहय एवं माता पद्मिनी के संतान के रूप में प्राकट्य हुआ। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय नारायण की कई वर्षों तक कठिन तपस्या की, जिसके फलस्वरूप एक हजार हाथ का वरदान मिला। महाप्रतापी सहस्त्रबाहु देव, राजराजेश्वर, कार्तवीर्य, सहस्त्रार्जुन की उपाधि से विख्यात हुए। उन्होंने आगे कहा कि हमारे इष्ट देव सहस्त्रबाहु देव अर्जुन ने त्रिलोक विजयी दशानन रावण को हराकर बंदी बनाया था। वे सुदर्शन चक्रावतार, सप्तद्वविपाधी, दसग्रीव विजयी थे। धन, यश, कीर्ति, बल के देवता हैं। वे अखंड भारतीय संस्कृति के विस्तारक थे। उन्होंने सात महाद्वीपों एवं ब्रह्मांड पर विजय प्राप्त कर धर्म परायण राजा के रूप में 85 हजार वर्षों तक शासन कर हैहयवंश का धर्मध्वजा लहराया।





## कोपरा में भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा के शिव चौक में शुक्रवार को कलार समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाज के सदस्य बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और पूरे श्रद्धा भाव के साथ भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा-अर्चना की। कलार समाज ने इस वर्ष गरियाबंद जिले के सभी गांवों में भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाने का संकल्प लिया है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति प्रेम को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर विशेष पूजा, अर्चना आरती और अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उपस्थित सभी लोगों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के आशीर्वाद से समाज की उन्नति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कलार समाज के जिलाध्यक्ष अवध सिन्हा वरिष्ठ सामाजिक पदाधिकारी महेश कुमार सिन्हा शिव कुमार सिन्हा नंदू सिन्हा जगन्नाथ सिन्हा कमलेश्वर सिन्हा रमेश सिन्हा द्वारिका सिन्हा कमलेश सिन्हा शत्रुघ्न सिन्हा एवं कलार समाज के अन्य सामाजिक लोग बड़े संख्या में शामिल हुए।

# मातर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है भाईदूज : साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा/रसेला

ग्राम टेंगनाबासा में मातर महोत्सव के अंतर्गत भाई दूज स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन 6 नवंबर को किया गया। स्कूल प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा भाजपा नेता रूप सिंग साहू रहे। ग्राम सरपंच राजकुमारी ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सुजल कोठारी, जनपद सदस्य नीलकण्ठ सिह ठाकुर, उपसरपंच मोनेन्द्र सिन्हा, सेंदर पूर्व सरपंच रामाधार साहू, सडकरा पूर्व सरपंच मनोज यदु, देवरी सरपंच अशोक ठाकुर, ग्राम पटेल बुढ़ान सिह ठाकुर, हरीराम सिन्हा, गोसाई राम सिन्हा, तेजस्वी यादव, नानक राम साहू, भानुप्रताप साहू बतौर विशेष अतिथि मंचस्थ रहे। ग्राम सरपंच राजकुमारी ध्रुव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए भाई दूज का रस्म अदा की एवं अतिथियों के कलाइयों पर स्नेह की डोर रक्षा सूत्र बांध, तिलक लगाई व मुख मीठा कराई। मुख्य अतिथि साहू ने बहनों को उपहार दिए। वहीं ग्राम वासियों के मांग पर मुख्य सड़क मार्ग से शीतला मंदिर तक 1 किमी सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 10 लाख एवं सांस्कृतिक निर्माण के लिये मध्य विकास प्राधिकरण से 5 लाख की स्वीकृति की घोषणा की। वहीं साहू ने कहा कि मातर महोत्सव हमारे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत है। जो अपनी विविध परम्पराओ को अपने मे समाये हुए है, यह सामाजिक सौहादरता भाई चारे के अनुपम उदाहरण है। मातर महोत्सव के बिना पंच महापर्व अधूरा है। इस पर्व को यम द्वितीया भी कहते है, जो भाई और बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करते है। भाई व बहने एक दूसरे की खुशहाली की कामना करती है।

■ टेंगनाबासा मातर महोत्सव में रूपसिंग ने दिए लाखों की सौगात

### मातर महोत्सव भाई चारे का देता है संदेश

जनपद सदस्य नीलकंठ सिह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान यहाँ कि सभ्यता, संस्कृति, परंपरा जो लोक जीवन, तीज त्योहार कला के माध्यम से जीवंत होता है। मातर महोत्सव हमारे ग्रामीण समाज में एकता व भाई चारे का संदेश देती है। सरपंच राजकुमारी ध्रुव, आयोजक समिति ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किए। तत्पश्चात प्रधानमंत्री द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित रिखी क्षत्रिय कृत लोक रागिनी कार्यक्रम का आयोजन नवयुवक, बाल समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा कराया गया। जिसकी मधुरगीत एवं लयबद्ध संगीत ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्राम व क्षेत्रवासी की भीड़ बनी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईसाई राम ध्रुव, हरिराम, रूखमणी सिन्हा, गंगाराम ध्रुव, चमन लाल, यादराम सिन्हा, अवधराम, सीताराम सिन्हा, रामेश्वरी, तेजेश्वर, उमेश्वर, ह्यूमन किशन, अजय, चेतन, नरोत्तम, राकेश, टीकम, भुनेश्वर, समारू यादव, पूरण ,परमेश्वर, प्रशांत ठाकुर, केशु, देव्रत, लक्ष्मीनाथ, राजेंद्र, कुलदीप सिन्हा, रेवा, टिकेश्वर, कुंती, टिकेश्वरी, गनेसिया कमलेश सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

# आधुनिक समाज में जनजाति समाज का योगदान अमूल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम




श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनजातीय समाज के गौरवशाली ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ पूजा-पाठ से हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य एसआर वड्डे ने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक धरोहर और समाज के विकास में उनके योगदान तथा शिक्षा और समाज के प्रति, प्रतिबद्धता को बताया। सहायक अध्यापक पुष्पलता कंवर ने कहा कि आज की आधुनिक समाज में जनजाति समाज का योगदान अमूल्य है। समर्पण की भावना एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत करती है जिसे हर कोई अपनाना चाहेगा। कार्यक्रम के संयोजक टिकेश्वर मरकाम ने भारत भूमि और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के प्रयासों को बताया। कहा कि कैसे उन्होंने अपने पारंपरिक हथियारों से अंग्रेजों का सामना किया। जनजातीय समाज देश की प्राण है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दीपक शर्मा ने समाज की उपलब्धियां और पहचान की विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किया। स्वतंत्रता के पश्चात 70 सालों के बाद आयोजित कार्यक्रम की सार्थकता एवं शोध के महत्व पर विशेष जोर दिया। भुला दिए गए अनेकों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन साक्षी मेश्राम ने किया। कार्यक्रम दुष्यंत ध्रुव, मधुरानी शुक्ल, जितेंद्र सिन्हा, प्रेमेंद्र उपाध्याय, रमेश लहरे, रजिया सुल्ताना, सरस्वती बेरवंशी, पुरुषोत्तम काबरा, मोनिका साहू, नंदनी साहू, ममता साहू मौजूद थे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000



### गोविंद सहकार भारती के जिलाध्यक्ष मनोनीत



**पाण्डुका।** सहकार भारती जिला समिति का आज प्रथम बैठक पाण्डुका में आहुत किया गया। बैठक में सहकार भारती के उद्देश्यों और लक्ष्य पर चर्चा किया गया। सहकार भारती सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाली एक राष्ट्रीय संगठन है जिसका स्थापना 11 जनवरी 1978 में किया गया था। सहकार भारती सहकारिता के क्षेत्र में पूरे देश भर में कार्य कर रही है जिसके कई प्रकल्प है। जैसे कृषि साख समिति, वनोपज, बुनकर, मत्स्य, महिलाओं का स्व सहायता समूह और सभी सहकार में भूमिका निभा रही है। ऐसे ही अब जिला गरियाबंद में भी सहकारिता के क्षेत्र में सहकार भारती समिति बनाकर कार्य किया जाएगा, जितने धान उपार्जन केंद्र क्षेत्रों में समिति बनाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा । बैठक में जिलाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने जिला समिति का गठन कर उपाध्यक्ष द्वय मनीष दुबे, डॉक्टर रमाकांत सिन्हा, कोषाध्यक्ष कोमल मानिकपुरी, मंत्री डॉक्टर मयाराम पटेल, डॉक्टर मोतीलाल, पटेल डॉ. शैलेन्द्र साहू डॉ रिखी राम साहू को इन पदों पर मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने बताया कि दो दिवसीय 15 और 16 नवंबर को बिलासपुर कोनी में सहकार भारती का प्रादेशिक अधिवेशन है जिसमें गरियाबंद जिला समिति शामिल होंगे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
24 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
26 फरवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला -गरियाबंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /तह./रीडर/2024
फिंगेश्वर, दिनांक / /2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिलोकी निषाद पिता लखन निषाद जाति केंवट निवासी बोरसी प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. फिंगेश्वर तहसील राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने इस न्यायालय में आवेदन पेश कर अपने माता पुनिया बाई पिता लखनराम निषाद की मृत्यु दिनांक 18/04/2024 को ग्राम बोरसी में हुआ है। जिसकी मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका नियत तिथि 18/11/2024 को नियत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/11/2024 तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी
फिंगेश्वर**

### छग शिक्षक संघ प्रांतीय निर्वाचन एवं परिषद की बैठक आज से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय निर्वाचन एवं महासभा सदस्यों की बैठक बागबाहरा क्षेत्र के घुंचापाली में होने जा रहा है। संगठन के प्रांतीय महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि उक्त निर्वाचन के लिए राज्यभर के 255 शिक्षक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे एवं राष्ट्रहित, शिक्षा शिक्षार्थी एवं शिक्षक हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा। जिलाध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि निर्वाचन में अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रांतीय उपाध्यक्ष 03 पद प्रांतीय मंत्री 3 पद पर निर्वाचन संपन्न होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रुप में पूर्व प्रांताध्यक्ष सुधीर गौतम, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. रविंद्र सिंह चौहान, वेणु दिल्लीवार, मनोज तिवारी, मंगराराम महतो एवं नोहर सिंह होंगे। महासभा की बैठक एवं निर्वाचन गरिमामय ढंग से हो, इसलिए प्रांतीय महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष टेकराम सेन के नेतृत्व में बैठक लेकर पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

